# समाचार
## स्मार्ट कार्ड शिविरों में पहुंची महापौर



कोरबा 05 जुलाई 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल आज निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में स्मार्ट कार्ड निर्माण हेतु लगाए जा रहे शिविरों में पहुंची, उन्होने शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, वहां पर पहुंचे हितग्राहियों से मुलाकात की तथा शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत स्मार्ट कार्ड बनाए जाने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न वार्डो में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में 05 जुलाई से 07 जुलाई तक निगम के वार्ड क्र. 21, 22, 23, 24 में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 22 निगम कालोनी स्थित मनोरंजनगृह एवं महाराणा प्रताप नगर स्थित सामुदायिक भवन में शिविर स्थलों में पहुंचकर शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, इस मौके पर उन्होने शिविर में पहुंचे हुए हितग्राहियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं शिविर की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होने आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिए। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य संतोष राय, पार्षद दिनेश वैष्णव आदि के साथ शिविरों में पहुंचे हितग्राही व अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

**इन तिथियों में लगेगे शिविर**– स्मार्ट कार्ड शिविर बनाए जाने हेतु निर्धारित कार्यक्रम के तहत आगामी दिनों में जिन वार्डो में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, उसके अनुसार पांच जुलाई से सात जुलाई तक वार्ड क्र. 21, 22, 23, 24, आठ जुलाई से दस जुलाई तक वार्ड क्र. 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 में, ग्यारह जुलाई से तेरह जुलाई तक वार्ड क्र. 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40 में, चौदह जुलाई से सोलह जुलाई तक वार्ड क्र. 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48 में, सत्रह जुलाई से उनीस जुलाई तक वार्ड क्र. 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56 में, बीस जुलाई से बाईस जुलाई तक वार्ड क्र. 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64 में एवं तेईस जुलाई से पच्चीस जुलाई तक वार्ड क्र. 65, 66 व 67 में शिविर लगाए जाएंगे।